INFUSION NOTES
WHEN ONLY THE BEST WILL DO

LATEST EDITION

HINDI MEDIUM

मध्य प्रदेश पुलिस कांस्टेबल

(मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल - भोपाल)

HANDWRITTEN NOTES

भाग - 1 भारत का सामान्य ज्ञान (GK)

INFUSION NOTES

WHEN ONLY THE BEST WILL DO

मध्य प्रदेश पुलिस कांस्टेबल

मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल – भोपाल

भाग – 1

भारत का सामान्य ज्ञान (GK)

प्रस्तावना

*प्रिय पाठकों, प्रस्तुत नोट्स "**मध्य प्रदेश पुलिस कांस्टेबल**" को एक विभिन्न अपने अपने विषयों में निपुण अध्यापकों एवं सहकर्मियों की टीम के द्वारा तैयार किया गया है / ये नोट्स पाठकों को **मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल – भोपाल** द्वारा आयोजित करायी जाने वाली परीक्षा "**मध्य प्रदेश पुलिस कांस्टेबल**" भर्ती परीक्षा में पूर्ण संभव मदद करेंगें **/***

अंततः सतर्क प्रयासों के बावजूद नोट्स में कुछ कमियों तथा त्रुटियों के रहने की संभावना हो सकती है / अतः आप सूचि पाठकों का सुझाव सादर आमंत्रित हैं/

प्रकाशकः

INFUSION NOTES

जयपुर, 302029 (RAJASTHAN)

मो : 9887809083

ईमेल : contact@infusionnotes.com

वेबसाइट : http://www.infusionnotes.com

WhatsApp करें - https://wa.link/grn7vj

Online Order करें - https://bit.ly/mp-police-constable

मूल्य : ₹	**संस्करण : नवीनतम**

क्र. सं	अध्याय	पेज न.
	प्राचीन भारत का इतिहास	
1.	सिन्धु सभ्यता	1
2.	वैदिक सभ्यता	4
3.	बौद्ध धर्म, जैन धर्म, शैव धर्म	8
4.	महाजनपद काल	13
5.	मौर्य काल एवं मौर्योत्तर काल	16
6.	गुप्त काल एवं गुप्तोत्तर काल	20
7.	प्रमुख राजवंश	24
8.	कुषाण वंश एवं सातवाहन राजवंश	34
	मध्यकालीन भारत	
1.	अरबों का सिंध पर आक्रमण	36
2.	दिल्ली सल्तनत के प्रमुख राजवंश	38
3.	बहमनी एवं विजयनगर साम्राज्य	48
4.	मुग़ल वंश	50
	आधुनिक भारत का इतिहास	
1.	यूरोपीय कम्पनियों का आगमन	58
2.	मराठा साम्राज्य	63
3.	अंग्रेजों की राजनीतिक एवं प्रशासनिक नीतियाँ	66
4.	1857 की क्रांति से पूर्व के जन आन्दोलन	72
5.	भारत में राष्ट्रीय जागरण या आन्दोलन	76
6.	गाँधी युग और असहयोग आंदोलन	79
7.	क्रांतिकारी आंदोलन से आजादी तक	86
	भारतीय कला संस्कृति	
1.	भारतीय चित्रकला	89
2.	भारतीय नृत्य कला	90
3.	मुगलकालीन प्रमुख इमारतें	92

4.	भारत के प्रमुख मंदिर	96
	भारत का भूगोल	
1.	सामान्य परिचय	99
2.	भौतिक विभाजन	101
3.	भारत की नदियाँ एवं झीलें	106
4.	भारत की जलवायु	111
5.	भारत में कृषि	113
6.	मृदा	119
7.	भारत की वनस्पतियाँ	121
8.	भारत के राष्ट्रीय उद्यान एवं अभयारण्य	124
9.	प्रमुख खनिज एवं ऊर्जा संसाधन	127
10.	उद्योग	129
11.	परिवहन तंत्र	134
12.	जनसंख्या :- वृद्धि, वितरण, घनत्व, लिंगानुपात, साक्षरता, नगरीय, एवं ग्रामीण जनसंख्या	138
	भारत का संविधान	
1.	ऐतिहासिक पृष्ठभूमि	142
2.	संविधान सभा	145
3.	संविधान की विशेषताएँ	147
4.	भारतीय संविधान के स्त्रोत	150
5.	भारतीय संविधान के भाग	151
6.	संघ एवं इसका राज्य क्षेत्र	153
7.	भारतीय नागरिकता	154
8.	मौलिक अधिकार	155
9.	नीति निदेशक तत्व	158
10.	राष्ट्रीय एवं उपराष्ट्रप्ति	160
11.	प्रधानमंत्री एवं मंत्रिपरिषद	164
12.	भारतीय संसद	170

13.	उच्चतम न्यायालय	176
14.	राज्य कार्यपालिका	178
15.	मुख्यमंत्री, राज्य महाधिवक्ता, राज्य विधानमंडल	179
16.	उच्च न्यायालय	185
17.	पंचायती राज	188
18.	निर्वाचन आयोग	193
19.	केंद्रीय सूचना आयोग	194
20.	संघ लोक सेवा आयोग	197
21.	राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग	199
22.	लोकपाल	200
23.	नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक	202
24.	नीति आयोग	203
25.	राष्ट्रीय महिला आयोग	204
26.	संविधान संशोधन	209
	भारतीय अर्थव्यवस्था	
1.	राष्ट्रीय आय और उत्पाद	210
2.	मुद्रा एवं बैंकिंग	211
3.	वस्तु एवं सेवा कर	214
4.	बजट 2023- 24	227
5.	केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाएँ	232

इतिहास

प्राचीन भारत का इतिहास

अध्याय – I

सिन्धु सभ्यता

- यह दक्षिण एशिया की प्रथम नगरीय सभ्यता थी ।
- इस सभ्यता को सबसे पहले हड़प्पा सभ्यता नाम दिया गया।
- सबसे पहले 1921 में हड़प्पा नामक स्थल की खोज दयाराम साहनी द्वारा की गई थी।
- सिन्धु घाटी सभ्यता को अन्य नामों से भी जानतें हैं ।
- सैंधव सभ्यता- जॉन मार्शल के द्वारा कहा गया
- सिन्धु सभ्यता - मार्टियर व्हीलर के द्वारा कहा गया ।
- वृहत्तर सिन्धु सभ्यता – ए. आर-मुगल के द्वारा कहा ।
- सरस्वती सभ्यता भी कहा गया ।
- मेलूहा सभ्यता भी कहा गया ।
- मेलूहा सिन्धु क्षेत्र का प्राचीन नाम था ।
- कांस्यकालीन सभ्यता भी कहा गया ।
- यह सभ्यता मिश्र एवं मेसोपोटामिया सभ्यताओं के समकालीन थी।
- इस सभ्यता का सर्वाधिक फैलाव घग्घर हाकरा नदी के किनारे है। अतः इसे सिन्धु सरस्वती सभ्यता भी कहते हैं ।
- 1902 में लॉर्ड कर्जन ने जॉन मार्शल को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग का महानिदेशक बनाया।
- जॉन मार्शल को हड़प्पा व मोहनजोदड़ों की खुदाई का प्रभार सौंपा गया।
- 1921 में जॉन मार्शल के निर्देशन पर दयाराम साहनी ने हड़प्पा की खोज की।
- 1922 में राखलदास बनर्जी ने मोहनजोदड़ों की खोज की।
- हड़प्पा नामक पुरास्थल सिन्धु घाटी सभ्यता से सम्बद्ध है ।
- 20 सितम्बर 1924 को जॉन मार्शल ने द इलस्ट्रेटेड लन्दन न्यूज' के माध्यम से इस सभ्यता की खोज की घोषणा की।
- सिन्धुवासी बैल को शक्ति का प्रतीक मानते थे ।
- सिन्धुवासी तांबा धातु का ज्यादा प्रयोग करते थे ।
- मेहरगढ़ से से भारत में कृषि का प्राचीनतम साक्ष्य मिला है।
- सिन्धुवासी मिठास के लिए शहद का प्रयोग किया करते थे।

सिन्धु सभ्यता की प्रजातियाँ –

- प्रोटो-आस्ट्रेलायड - सबसे पहले आयी
- भूमध्यसागरीय - मोहनजोदड़ों की कुल जनसंख्या में सर्वाधिक
- मंगोलियन – मोहनजोदड़ों से प्राप्त पुजारी की मूर्ति इसी प्रजाति की है ।
- अल्पाइन प्रजाति ।

सिन्धु सभ्यता की तिथि

- कार्बन 14 (C^{14}) - 2500 से 1750 ई.पू.
- ह्विलेर - 2500-1700 ई.पू.
- मार्शल - 3250-2750 ई.पू.

इस सभ्यता का विस्तार

- इस सभ्यता का विस्तार पाकिस्तान और भारत में ही मिलता है।

पाकिस्तान में सिन्धु सभ्यता के स्थल

- डाबर कोट
- सुत्कांगेडोर
- सोत्काकोह
- बालाकोट

सुत्कांगेडोर- इस सभ्यता का सबसे पश्चिमी स्थल है जो दाश्क नदी के किनारे अवस्थित है। इसकी खोज ऑरेल स्टाइन ने की थी।

- सुत्कांगेडोर को हड़प्पा के व्यापार का चौराहा भी कहते हैं ।

भारत में सिन्धु सभ्यता के स्थल,

- **हरियाणा**- राखीगढ़ी, सिसवल कुणाल, बनावली, मितायल, बालू
- **पंजाब** – कोटलानिहंग खान चक्र 86 बाड़ा, संघोल, टेर माजरा
  रोपड़ (रूपनगर) - स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद खोजा गया पहला स्थल
- **कश्मीर** - माण्डा
  चिनाब नदी के किनारे
  सभ्यता का उत्तरी स्थल
- **राजस्थान** - कालीबंगा, बालाथल
  तरखान वाला डेरा
- **उत्तर प्रदेश**- आलमगीरपुर
  सभ्यता का पूर्वी स्थल
  - माण्डी
  - बड़गाँव
  - हलास
  - सनौली
- **गुजरात**
  धौलावीरा, सुरकोटड़ा, देसलपुर रंगपुर, लोथल, रोजदिख्वी, तेलोद, नगवाड़ा, कुन्तासी, शिकारपुर, नागेश्वर, मेघम प्रभासपाटन भोगन्नार

- **महाराष्ट्र**- दैमाबाद
  सभ्यता की दक्षिणतम सीमा
  फैलाव- त्रिभुजाकार
  क्षेत्रफल- 1299600 वर्ग किलों मीटर

INFUSION NOTES WHEN ONLY THE BEST WILL DO

प्रमुख स्थल एवं विशेषताएँ

- ***हड़प्पा***

रावी नदी के किनारे पर स्थित इस स्थल की खोज दयाराम साहनी ने की थी। खोज - वर्ष 1921 में

उत्खनन-

- *1921-24 व 1924-25 में दयाराम साहनी द्वारा।*
- *1926-27 से 1933-34 तक माधव स्वरूप वत्स द्वारा*
- *1946 में मार्टियर ह्वीलर द्वारा*
- *इसे 'तोरण द्वार का नगर तथा 'अर्द्ध औद्योगिक नगर' कहा जाता है।*
- *पिगट ने हड़प्पा एवं मोहनजोदड़ो को इस सभ्यता की जुड़वा राजधानी कहा है। इन दोनों के बीच की दूरी 640 किलोमीटर है।*
- *1826 में चार्ल्स मैसन ने यहाँ के एक टीले का उल्लेख किया, बाद में उसका नाम ह्वीलर ने MOUND-AB दिया।*
- *हड़प्पा के अन्य टीले का नाम MOUND-F है।*
- *हडप्पा सभ्यता की मुद्राएँ आयताकार थी।*
- *हड़प्पा से प्राप्त कब्रिस्तान को R-37 नाम दिया।*
- *भारत में चाँदी की उपलब्धता के प्राचीनतम साक्ष्य हड़प्पा सभ्यता से मिलते हैं।*
- *यहाँ से प्राप्त समाधि को HR नाम दिया*
- *हड़प्पा के अवशेषों में दुर्ग, रक्षा प्राचीन निवास गृह चबूतरा, अन्नागार तथा ताम्बे की मानव आकृति महत्त्वपूर्ण हैं।*
- *हडप्पा सभ्यता को ऋग्वेद में हरियुपिया कहा जाता है।*
- *"सिन्धु का बाग" हडप्पा सभ्यता के मोहनजोदड़ो के पुरास्थल को कहा गया है।*
- *हडप्पा वासी 16 के गुणक का प्रयोग किया करते थे।*
- *कोटदीजी की खोज 1935 में घुरये ने की थी। और इसकी नियमित खुदाई 1953 ई. में फजल अहमद ने की थी।*
- *कोटदीजी सिन्धु नदी के किनारे स्थित था।*

मोहनजोदड़ो

- *सिन्धु नदी के तट पर मोहनजोदड़ो की खोज सन् 1922 में राखलदास बनर्जी ने की थी। उत्खनन - राखलदास बनर्जी (1922-27)*
  - *मार्शल*
  - *जे.एच. मैके*
  - *जे.एफ. डेल्स*
- *मोहनजोदड़ो का नगर कच्ची ईटों के चबूतरे पर निर्मित था।*
- *मोहनजोदड़ो सिन्धी भाषा का शब्द, अर्थ- मृतकों का टीला मोहनजोदड़ो को स्तूपों का शहर भी कहा जाता है।*
- *बताया जाता है कि यह शहर बाढ़ के कारण सात बार उजड़ा एवं बसा।*
- *यहाँ से यूनीकॉर्न प्रतीक वाले चाँदी के दो सिक्के मिले हैं।*
- *वस्त्र निर्माण का प्राचीन साक्ष्य यहाँ से मिलता है। कपास के प्रमाण - मेहरगढ़*
- *सुमेरियन नाव वाली मुहर यहाँ से मिली है।*
- *मोहनजोदड़ो की सबसे बड़ी इमारत संरचना यहाँ से प्राप्त अन्नागार है। (राजकीय भण्डारागार)*
- *यहाँ से एक 20 खम्भों वाला सभा भवन मिला है। मैके ने इसे 'बाजार' कहा है।*
- *बहुमंजिली इमारतों के साक्ष्य, पुरोहित आवास, पुरोहितों का विद्यालय, पुरोहित राजा की मूर्ति, कुम्भकारों की बस्ती के प्रमाण भी मोहनजोदड़ो से मिले हैं।*
- *मोहनजोदड़ो का शाब्दिक अर्थ मृतकों का टीला है।*
- *मूर्ति पूजा का आरम्भ पूर्व आर्य काल से माना जाता है।*
- *बड़ी संख्या में कुओं की प्राप्ति ।*
- *8 कक्षों वाला विशाल स्नानागार भी यहीं से प्राप्त हुआ है।*
- *पिग्गट ने हडप्पा एवं मोहनजोदड़ो को एक विस्तृत साम्राज्य की जुड़वाँ राजधानी कहा है।*

कालीबंगा-

- *कालीबंगा की खोज अमलानन्द घोष द्वारा गंगानगर में की गयी थी।*
- *सरस्वती नदी (वर्तमान घग्घर के तट पर)*
- *कालीबंगा वर्तमान में हनुमानगढ़ में है।*
- *उत्खनन - बी.बी लाल, बी. के. थापड़ 1953 में*
  कालीबंगा - काले रंग की चूड़ियाँ
- *कालीबंगा - सैंधव सभ्यता की तीसरी राजधानी*
- *कालीबंगा से एक साथ दो फसलों की बुवाई तथा जोलीदार जुताई के साक्ष्य मिले हैं।*
- *कालीबंगा से प्राप्त दुर्ग दो भागों में बंटा हुआ- द्विभागीकरण है।*
- *सड़कों को पक्का बनाने का प्रमाण कालीबंगा से प्राप्त हुआ है।*
- *युग्म शवाधान का साक्ष्य शवों का अन्तिम संस्कार की तीनों विधियों के साक्ष्य यहाँ से प्राप्त हुए हैं।*
- *मृण पट्टिका पर उत्कीर्ण सींगयुक्त देवता की मुहर कालीबंगन से प्राप्त हुई है।*
- *भूकम्प आने के प्राचीनतम प्रमाण यहीं से प्राप्त हुए है।*
- *वृषभ की ताम्रमूर्ति भी कालीबंगा से प्राप्त हुई है।*
- *यहाँ से प्राप्त लेखयुक्त बर्तन से स्पष्ट होता है कि इस सभ्यता की लिपि दाईं से बाईं ओर लिखी जाती थी।*
- *लेखन कला की प्रणाली विकसित करने वाली प्रथम प्राचीन सभ्यता सुमेरियन सभ्यता थी।*

चन्हूदड़ो *-*

- *खोज एन. जी. मजूमदार*
- *उत्खनन मैके ने किया।*
- *सिन्धु सभ्यता का यह औद्योगिक शहर था।*
- *यहाँ मणिकारी, मुहर बनाने, भार-माप के बटखड़े बनाने का काम होता था।*

अध्याय – 3

बौद्ध धर्म, जैन धर्म, शैव धर्म,

बौद्ध धर्म

- छठी शताब्दी ई.पू. में वैदिक संस्कृति कर्मकाण्डों व आडम्बरों से ग्रसित हो गई।
- मध्य गंगा घाटी में इसी समय 62 सम्प्रदायों का उदय हुआ। उनमें जैन और बौद्ध सम्प्रदाय प्रमुख थे।

बौद्ध धर्म

- बौद्ध धर्म के संस्थापक गौतम बुद्ध थे।
  सिद्धार्थ – बुद्ध का बचपन का नाम
  सिद्धि प्राप्त करने के लिए जन्म लेने वाला।
- जन्म 563 ई.पू. – कपिलवस्तु के लुम्बिनी नामक स्थान पर हुआ था। (नेपाल)
- कुल - शाक्य (क्षत्रिय कुल)
- बुद्ध की माता – महामाया थी। उनकी माँ की मृत्यु के बाद पालन पोषण महाप्रजापति गौतमी ने किया था।
- पिता – शुद्धोधन शाक्य गण के मुखिया थे।
- बौद्धों की रामायण के नाम से प्रसिद्ध बुद्धचरित के रचनाकार अश्वघोष हैं।
- 16 वर्ष की आयु में गौतम बुद्ध का विवाह- यशोधरा से हुआ इनके पुत्र का नाम राहुल था।
- असित ब्राह्मण ने सिद्धार्थ क नामकरण किया था।
- कालदेव तथा ब्राह्मण कौंडिन्य ने भविष्यवाणी की थी कि यह बालक चक्रवर्ती राजा अथवा सन्यासी होगा।
- बुद्ध के सारथी का नाम चाण तथा घोड़े का नाम कन्थक था, जो महात्मा बुद्ध को रथ द्वारा महल से कुछ दूर ले जाकर छोड़ आया।
- बुद्ध के सबसे अधिक शिष्य कोसल राज्य में ही हुए तथा यहीं पर उन्होंने अपने धर्म का सबसे अधिक प्रचार किया।
- संघ में प्रविष्ट होने को उपसंपदा कहा जाता है।

महाभिनिष्क्रमण

- 29 वर्ष की आयु में सांसारिक समस्याओं से व्यथित होकर गृहस्थ जीवन का त्याग कर दिया था।
- अनोमा नदी के तट पर सिर मुण्डन
- काषाय वस्त्र धारण किये।
- प्रथम गुरु आलार कलाम थे।
- सांख्य दर्शन के आचार्य
- बाद में उरुवेला (बोधगया) प्रस्थान
- उरुवेला में सिद्धार्थ को कौण्डिन्य, वप्पा, भादिया, महानामा, एवं अस्सामी नामक पांच साधक मिले। इनमें कौण्डिन्य प्रमुख थे ।

ज्ञान प्राप्ति –

- 35 वर्ष की आयु में – बोधगया में ज्ञान की प्राप्ति हुई। वैशाख पूर्णिमा को पीपल के वृक्ष के नीचे निरंजना नदी (पुनपुन) के तट पर ज्ञान की प्राप्ति हुई।
- इसी दिन से गौतम बुद्ध तथागत कहलाये तथा गौतम बुद्ध नाम भी यहीं से हुआ। वह स्थान बोधगया कहलाया। जिसने सत्य को प्राप्त कर लिया।

धर्मचक्र प्रवर्तन-

- बुद्ध ने प्रथम उपदेश सारनाथ (ऋषिपतनम) में दिया जिसे बौद्ध ग्रन्थों में धर्मचक्रप्रवर्तन कहलाया।
- बोधगया से सारनाथ आये
- प्रथम उपदेश दिया-5 ब्राह्मण सन्यासियों को मागधी भाषा में।
- गौतम बुद्ध का बौद्ध संघ में प्रवेश हुआ।
- सर्वप्रथम अनुयायी – तपस्स जाट शुद्र कालिक
- प्रिय शिष्य - आनन्द
- बौद्ध धर्म की प्रथम महिला भिक्षुणी - गौतमी (बुद्ध की मौसी

अन्तिम उपदेश

- कुशीनारा में सुभच्छ को दिया
- हिरण्यवती नदी तट पर

महापरिनिर्वाण (मृत्यु)

- कुशीनारा में 483 ई.पू.
- 80 वर्ष की आयु में
- बुद्ध के अवशेष 8 भागों में डाले गये जहाँ स्तूप बनाये गये।
- मल्लों ने अत्यन्त सम्मानपूर्वक बुद्ध का अंत्येष्टि संस्कार किया।
- बुद्ध के जन्म एवं मृत्यु की तिथि को चीनी परम्परा के कैंटोन अभिलेख के आधार पर निश्चित किया गया है।

वैशाख पूर्णिमा का महत्व

- वैशाख पूर्णिमा को बुद्ध पूर्णिमा भी कहते हैं।
- गौतम बुद्ध का जन्म, ज्ञान प्राप्ति
- महापरिनिर्वाण - वैशाख पूर्णिमा को
  अपवाद - महाभिनिष्क्रमण
- गौतम बुद्ध में 32 महापुरुषों के लक्षण बताये गये है।

बुद्ध के प्रमुख वचन

- जीवन कष्टों से भरा है।
- लिप्सा तृष्णा का ही दूसरा रूप है।

बौद्ध धर्म के त्रिरत्न

- बुद्ध , धम्म , संघ

बुद्ध के चार आर्य सत्य

1. दुःख
2. दुःख समुदाय
3. दुःख निरोध (निवारण)
4. प्रतिपदा

- इन्ही का कालान्तर में विस्तार होकर ये अष्टांगिक मार्ग कहलाये।

अष्टांगिक मार्ग

1. सम्यक दृष्टि
2. सम्यक संकल्प
3. सम्यक वाणी
4. सम्यक कर्मान्त
5. सम्यक आजीव
6. सम्यक व्यायाम
7. सम्यक स्मृति
8. सम्यक समाधि

- समाधि मनुष्य के जीवन का परम लक्ष्य निर्वाण प्राप्ति ।
- जीवन-मरण चक्र से मुक्ति

बुद्ध धर्म

- अनीश्वरवादी
- पुनर्जन्म में विश्वास
- अनात्मवादी धर्म

बौद्ध धर्म के प्रतीक

जन्म - कमल व साण्ड
गृहत्याग - घोड़ा
ज्ञान - पीपल (बोधि वृक्ष)
निर्वाण - पद-चिह्न
मृत्यु - स्तूप

- बौद्ध धर्म का सर्वाधिक विस्तार कोशल राज्य में हुआ था ।
- बौद्ध धर्म के सर्वाधिक उपदेश श्रावस्ती में दिये गये।
- बौद्ध धर्म के प्रचार केन्द्र – मगध

बौद्ध संगीतियां

1.483 ई.पू. संरक्षक - शासनकाल में अजातशत्रु के राजगृह में रचना रची गयी ।
सुत्तपिटक (बुद्ध के उपदेश) विनयपिटक (संघ के नियम)
अध्यक्ष – महाकस्सप
2.383 ई.पू. संरक्षक - कालाशोक
वैशाली में - भिक्षुओं में मतभेद
अध्यक्ष – सर्वकामिनी
3.250 । 251 ई.पू. संरक्षक शासनकाल में - अशोक
पाटलिपुत्र में रचना रची गयी
अभिधम्मपिटक (बुद्ध के दार्शनिक विचार)
अध्यक्ष – मोग्गलिपुत्त तिस्स
4. प्रथम शताब्दी संरक्षक - कनिष्क
कुण्डलवन में (कश्मीर) हीनयान व महायान (सम्प्रदाय में बंटा)

अध्यक्ष वसुमित्र अश्वघोष था । चतुर्थ बौद्ध संगीति के बाद बौद्ध धर्म दो भागों में बंट गया था हीनयान व महायान । (कश्मीर) (सम्प्रदाय में बंटा)

- विहार - बौद्ध भिक्षुओं का निवास स्थान
- चैत्य - पूजास्थल

बौद्ध धर्म को अपनाने वाले प्रमुख शासक

- बिम्बिसार - बुद्ध का मित्र
- प्रसेनजीत
- उदायिन
- अशोक – महेन्द्र (पुत्र), संघमित्रा (पुत्री)
- बौद्ध धर्म का प्रचार करने श्रीलंका गये।

नालन्दा विश्वविद्यालय

- गुप्त शासक कुमारगुप्त ने बौद्ध धर्म की शिक्षा के लिए स्थापित किया।
- बौद्ध धर्म का अध्ययन करने हेतु आये ।
- फाह्यान, ह्वेनसांग (चीनी यात्री) ।
- अजातशत्रु प्रारम्भ में जैनधर्म का अनुयायी था बाद में बौद्ध धर्म का अनुयायी बना ।

बौद्ध धर्म की प्रमुख महिला अनुयायी

- गौतमी
- नंदा
- मल्लिका
- खेमा
- विशाखा
- यशोधरा
- आम्रपाली
- सुप्रवासा

बौद्ध धर्म के प्रतीक महात्मा बुद्ध के प्रमुख आठ स्थान

- लुम्बिनी
- बोधगया
- सारनाथ
- कुशीनगर
- वैशाली
- राजगृह
- श्रावस्ती
- संकाश्य

अध्याय – 7

प्रमुख राजवंश

- **चालुक्य वंश**
- चालुक्य अभिलेखो में इन्हें हारीति पुत्र एवं मानत्यगोत्रीय कहा जाता है, यह वंश मूलतः अयोध्या का था।
- चालुक्य शासक अयोध्या को अपने पूर्वजों का मूल निवास मानते थे।
- चालुक्य वंश चार शाखाओं में विभाजित था।
- बादामी या वातापी के चालुक्य वंश वेंगी के चालुक्य वंश कल्याणी के पश्चिम के चालुक्य वंश तथा अन्हिलवाड़ा [लाट] के चालुक्य सोलंकी।

वातापी या बादामी के चालुक्य

- **चालुक्यों की मूल शाखा वातापी या बादामी का राजवंश था।** गुप्त काल के बाद दक्षिण भारत में लगभग 550 ई. से 750 ई. तक केवल दक्षिण भारत की राजनीति को भी वातापी के चालुक्यों ने प्रभावित किया।
- बादामी के चालुक्य वंश के इतिहास के प्रमाणिक साक्ष्य अभिलेख हैं। इनमें सर्वाधिक महत्वपूर्ण पुलकेशिन द्वितीय का एहोल अभिलेख है।
- इनकी भाषा संस्कृत एवं लिपि दक्षिण ब्राह्मी है। इस लेख की रचना रविकीर्ति ने की थी। यद्यपि मुख्य रूप से इनमें पुलकेशिन द्वितीय की उपलब्धियों का वर्णन हुआ है।

पुलकेशिन प्रथम

- चालुक्य वंश का संस्थापक वैसे तो जयसिंह था परन्तु वातापी या बादामी के आस-पास के क्षेत्रों को मिलाकर एक छोटे राज्य की स्थापना कर **चालुक्य वंश की वास्तविक नींव डालने वाला पुलकेशिन प्रथम था।**
- उसने वातापी या बादामी को अपनी राजधानी बनाया था। अश्वमेघ यज्ञ भी किया था।
- उसके पुत्र कीर्तिवर्मन प्रथम ने वनवासी के कदम्बों कोकण के मौर्यों एवं बेलारी तथा कर्नुलों को युद्ध में पराजित किया।
- कीर्तिवर्मन का भाई मंगलेश अगला शासक बना तथा इसने कलचुरियों तथा कदम्बों को पराजित किया तथा उसका उत्तराधिकारी उसका भतीजा पुलकेशिन द्वितीय बना।

पुलकेशिन द्वितीय

यह पुलकेशिन वंश का सर्वाधिक शक्तिशाली एवं योग्य शासक था। इससे संबंधित जानकारी एहोल अभिलेख से मिलती है।

- वह अपने चाचा मंगलेश (कीर्तिवर्मन का भाई) के खिलाफ युद्ध छेड़ने के बाद 608 ई. में सिंहासन पर बैठने के लिए आया था।
- कीर्तिवर्मन का पुत्र पुलकेशिन द्वितीय चालुक्य वंश का सबसे प्रसिद्ध शासक था। पुलकेशिन द्वितीय ने सत्याश्रय श्री पृथ्वी वल्लभ महाराज एवं दक्षिणापथेश्वर की उपाधि धारण की थी।
- वह हर्षवर्द्धन (पुष्यभूति राजवंश का शासक) का समकालीन था।
- हमें पुलकेशिन द्वितीय के बारे में जानकारी उसके दरबारी **कवि रविकीर्ति द्वारा प्राकृत भाषा में रचित ऐहोल नाम** के एक प्रशस्ति से पता चलता है। पुलकेशिन द्वितीय ने हर्षवर्द्धन को नर्मदा के तट पर हराया था और लट, मालव और गुर्जरों की स्वैच्छिक हार को स्वीकार किया था।
- शुरू में वह पल्लवों के खिलाफ विजय हासिल किया था, लेकिन पल्लव शासक नरसिंहवर्मन ने न केवल उसे पराजित किया बल्कि, बादामी पर कब्जा भी कर लिया नरसिंहवर्मन ने वातापिकोंडा की उपाधि ग्रहण की।
- पुलकेशिन द्वितीय की प्रसिद्धि फारस तक चर्चित थी जिनके साथ उसने अपने दूतों का आदान-प्रदान भी किया।
- ह्वेनसांग (चीनी यात्री) ने पुलकेशिन द्वितीय के दरबार का दौरा किया था।

ऐहोले शिलालेख :

- यह शिलालेख पुलकेशिन द्वितीय के पूर्वजों के बारे में संबंधित है। इस प्रशस्ति में पिता से लेकर पुत्र तक की चार पीढ़ियों के बारे में उल्लेख करता है।
- इस प्रशस्ति में रविकीर्ति बताता है कि, पुलकेशिन द्वितीय ने अपने अभियान का नेतृत्व किया पश्चिम और पूर्व दोनों के किनारे-किनारे किया था।
- एहोल अभिलेख से ज्ञात होता है की पुलकेशिन द्वितीय ने लाट जाट मालव तथा गुर्जर प्रदेशों को भी जीत लिया।
- लाट राज्य दक्षिण गुजरात में स्थित था। इसकी राजधानी नौसरी बड़ौदा गुजरात में थी।
- वहां अधिकार करने के बाद पुलकेशिन ने अपने वशं के ही किसी व्यक्ति को लाट प्रदेश का शासक नियुक्त किया।
- गुर्जर संभवतः भड़ौच के गुर्जरों से संबंधित थे। जिनका राज्य की तथा माही नदियों के बीच स्थित था। इस विजय के बाद पुलकेशिन द्वितीय के साम्राज्य की उत्तरी सीमा माही नदी तक जा पहुंची।
- जिस समय पुलकेशिन द्वितीय दक्षिणापथ में अपनी शक्ति का विस्तार कर रहा था। उसी समय उत्तरी भारत में हर्षवर्द्धन अनेको राज्य विजीत कर अपना साम्राज्य विस्तृत कर रहा था।
- हर्षवर्द्धन नर्मदा के दक्षिण राज्यों पर अपना अधिपत्य स्थापित करना चाहता था। फलस्वरूप हर्ष और पुलकेशिन द्वितीय के बीच नर्मदा नदी के तट पर युद्ध हुआ। जिसमें हर्ष की पराजय हुई। और इस विजय के उपलक्ष्य में पुलकेशिन द्वितीय ने परमेश्वर की उपाधि धारण की।
- आन्ध्र के दक्षिण में पल्लवों का शक्तिशाली राज्य था। पल्लव वंश का शासन इस समय महेन्द्रवर्मन प्रथम के हाथों में था

अध्याय – 5

भारत में राष्ट्रीय जागरण या आंदोलन

- भारत में राष्ट्रीय जागरण का काल 19 वीं शताब्दी का मध्य तथा उतरार्द्ध माना जाता है।
- भारत में राष्ट्रीय जागरण के बारे में श्रीमति एनीबेसेंट ने कहा था की इस विराट आंदोलन के पीछे शताब्दियों का इतिहास है।
- भारतीय इतिहास में 18 वीं शताब्दी को 'अंधकार का युग' कहा जाता है।
- राजा राममोहन राय को आधुनिक भारत का पिता तथा नये युग का अग्रदूत कहा जाता है।
- राजा राममोहन राय को पुनर्जागरण का 'सुबह का तारा 'कहा जाता है।
- ब्रह्म समाज की स्थापना राजा राममोहन राय द्वारा 20 अगस्त 1828 ई. को कलकत्ता में की गयी। जिसका उद्देश्य तत्कालीन हिन्दू समाज में व्याप्त बुराइयों जैसे सती प्रथा, बहु विवाह, वेश्यागमन जातिवाद अस्पृश्यता आदि को समाप्त करना था।
- ब्रह्म समाज आंदोलन का मुख्य सिद्धांत ईश्वर एक है।
- राजा राममोहन राय को भारतीय पुनर्जागरण का मसीहा माना जाता है।
- राजा राममोहन राय की प्रमुख कृतियों में 'प्रीसेप्ट्स ऑफ जीसस' प्रमुख है। इन्होंने संवाद कौमुदी (बांग्ला भाषा) तथा मिरातुल अखबार (फारसी भाषा) का भी सम्पादन किया।
- राजा राममोहन राय ने 1814 ई. में आत्मीय सभा की स्थापना की 1815 ई. में इन्होंने वेदान्त कॉलेज के स्थापना की।
- इन्होंने सती प्रथा के विरुद्ध आंदोलन चलाया तथा पाश्चात्य शिक्षा के प्रति अपना समर्थन दिया।
- कालांतर में देवेन्द्रनाथ टैगोर 1818 ई. 1905 ई. ने ब्रह्म समाज को आगे बढाया इनके द्वारा ही केशवचन्द्र सेन को ब्रह्म समाज का आचार्य नियुक्त किया गया।
- लॉर्ड मैकाले ने अंग्रेजी शिक्षा पद्धति का सूत्रपात किया था।
- 1829 ई. में विलियम बैंटिक ने भारत में सती प्रथा पर रोक लगा दी इस कार्य में सहयोग देने में राजा राममोहन राय की प्रमुख भमिका थी।

- **आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती थे।**
- इन्होंने 1875 ई. में बम्बई में आर्य समाज की स्थापना की थी। आर्य समाज की स्थापना का मुख्य उद्देश्य मुसलमानों को पुनःहिन्दू धर्म ग्रहण करने की प्रेरणा देना था
- स्वामी दयानंद सरस्वती को बचपन में मूलशंकर के नाम से जाना जाता था। इनके गुरु स्वामी विरजानन्द थे।
- राममोहन राय को राजा की उपाधि मुगल बादशाह अकबर द्वितीय ने प्रदान की थी।
- राजा राममोहन राय की समाधी ब्रिस्टल (इंग्लैण्ड) में स्थित है।
- इन्होंने अपने उपदेशों में मूर्ति पूजा, बहुदेववाद, अवतारवाद, पशुबलि, श्राद्ध, जंत्र, तंत्र, मंत्र, झूठे कर्मकांड, आदि की आलोचना की तथा पुनः 'वेदों की ओर लोटो का नारा दिया था।
- इनके विचारों का संकलन इनकी कृति 'सत्यार्थ प्रकाश' में मिलता है जिसकी रचना इन्होंने हिंदी में की थी।
- सामाजिक सुधार के क्षेत्र में इन्होंने छुआछुत एवं जन्म के आधार पर जाति प्रथा की आलोचना की।
- भारत का समाज सुधारक मार्टिन लूथर किंग दयानंद सरस्वती को कहा जाता है।
- स्वामी दयानन्द सरस्वती ने सर्वप्रथम स्वराज शब्द का प्रयोग किया और हिंदी को राष्ट्र भाषा माना।
- बंगाली नेता राधाकांत देव ने सती प्रथा का समर्थन किया था।
- स्वामी दयानंद सरस्वती द्वारा चलाये गए शुद्धि आंदोलन के अंतर्गत उन लोगों को पुनः हिन्दू धर्म में आने का मौका मिला जिन्होंने किसी कारणवश कोई और धर्म स्वीकार कर लिया था।
- समाज सुधारक महादेव गोविन्द रानाडे को महाराष्ट्र का सुकरात कहा जाता है।
- स्वामी दयानंद सरस्वती के अनुयायियों में लाला हंसराज ने 1886 ई. में लाहौर में 'दयानंद एंग्लो वैदिक कॉलेज की स्थापना की तथा स्वामी श्रद्धानन्द ने 1901 ई. में हरिहर के निकट कांगड़ी में गुरुकुल की स्थापना की।

भारतीय संस्था थियोसिफिकल सोसायटी

- भारतीय संस्था थियोसिफिकल सोसायटी की स्थापना 1875 ई. में मैडम ब्लावत्सकी एवं कर्नल आल्कोट ने न्यूयॉर्क में की थी।
- जनवरी 1882 ई. में वे भारत आये तथा मद्रास में अड्यार के निकट मुख्यालय स्थापित किया।
- भारत में इस आंदोलन की गतिविधियों को फेलाने का श्रेय श्रीमती एनीबेसेंट को दिया जाता है।
- 1898 ई. में उन्होंने बनारस में सेंट्रल हिन्दू कॉलेज की स्थापना की जो आगे चलकर 1916 ई. में बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय बन गया। आयरलेंड की होमरूल लीग की तरह बेसेंट ने भारत में होमरूल लीग की स्थापना की।
- स्वामी विवेकनद की मुख्य शिष्या सिस्टर निवेदिता थी।
- वास्तव में भारत की एकता इसकी विभिन्नताओं में ही निहित है। हिन्दू धर्म एवं संस्कृति ने सम्पूर्ण देश को एक सूत्र में सदा से बांध रखा है। यह विचार बीसेंट स्मिथ का है।

- 1893 ई. में शिकागो सम्मलेन में स्वामी विवेकान्द ने भाग लिया था।
- रामकृष्ण मिशन की स्थापना स्वामी वेवेकानंद ने 1897 ई. में की थी।
- रामकृष्ण आंदोलन के मुख्य प्रेरक स्वामी रामकृष्ण परमहंस थे रामकृष्ण की शिक्षाओं के प्रचार का श्रेय उनके योग्य शिष्य स्वामी विवेकानंद (नरेन्द्र नाथ दत्त) को दिया जाता है।
- 1893 ई. में 14 वर्ष के बाद योगी राज अरविन्द घोष 1872 -1950 ई. की भारत भूमि पर वापसी हुई। (1893 ई. में उन्होंने एक लेखमाला न्यू लैम्प फॉर ओल्ड ") प्रकाशित किया।
- राजनैतिक सुधारों को लेकर विरोध करने वाले पहले भारतीय सुरेन्द्रनाथ बनर्जी थे।
- प्रार्थना समाज की स्थापना 1867 ई. में केशव चन्द्र सेन के सहयोग से डॉ. आत्माराम पांडुरंग ने बम्बई में की थी।
- भारत सेवक समाज सर्वेन्ट्स ऑफ़ इण्डिया सोसायटी की स्थापना 1905 ई. में गोपाल कृष्ण गोखले ने बम्बई में की थी।
- व्यक्तिगत सत्याग्रह को दिल्ली चलो सत्याग्रह के नाम से जाना जाता है। व्यक्तिगत सत्याग्रह की शुरुआत पवनार से 17 अक्टूबर 1940 से आरम्भ हुई थी।
- सत्यशोधक समाज की स्थापना ज्योतिबा फुले द्वारा की गयी थी।
- सम्पति के निष्कासन के सिद्धांत के प्रतिपादक दादा भाई नौरोजी थे।
- भारतीयों द्वारा अंग्रेजी भाषा में प्रकाशित प्रथम समाचार पत्र हिन्दू पैट्रियॉट था।
- बहिष्कृत भारत पत्रिका का संबंध डॉ. भीमराव अम्बेडकर से था।
- महात्मा गाँधी द्वारा स्थापित हरिजन सेवक संघ के संस्थापक अध्यक्ष घनश्याम दास बिडला थे।
- भारत में यंग बंगाल आंदोलन प्रारम्भ करने का श्रेय हेनरी विवियन डिरोजियो को है एंग्लो -इंडियन डिरोजियो कलकत्ता में हिन्दू कॉलेज के अध्यापक थे।
- स्वदेशवाहिनी नामक पत्रिका के सम्पादक के. रामकृष्ण पिल्लै थे।
- डिरोजियो ने ईस्ट इण्डिया नामक दैनिक पत्र का भी सम्पादन किया
- हेनरी विवियन डिरोजियो को आदुनिक भारत का प्रथम राष्ट्रवादी कवि माना गया है।
- महात्मा गाँधी ने 1924 ई. में बेलगाँव कांग्रेस अधिवेशन के अध्यक्षता की थी।
- इंडियन नेशन अखबार का प्रकाशन पटना से होता था।
- साधारण ब्रह्म समाज की स्थापना 1878 ई. में कलकत्ता में शिवनाथ शास्त्री, आनंद मोहन बोस ने की थी।
- हाली पद्धति बँधुआ मजदूरी से संबंधित है।
- विधवा पुनर्विवाह को कानूनी रूप से वैध करवाने में ईश्वरचन्द्र विद्यासागर की महत्वपूर्ण भूमिका रही थी।
- बहुजन समाज के संस्थापक मुकुंद राव पाटिल थे।
- पंडित रामाबाई सरस्वती द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए आर्य महिला समाज की स्थापना की गयी।
- भारत में मुस्लिम सुधार आंदोलन का प्रवर्तक सर सैयद अहमद खान को माना जाता है।
- ब्राह्मणों की सर्वोच्चता को चुनौती देने के लिए आत्म सम्मान आंदोलन वी. रामास्वामी नायकर के द्वारा चलाया गया।
- गुलामगिरी पुस्तक के लेखक ज्योतिबा फुले थे।
- धर्म सभा की स्थापना 1829 ई. में कलकत्ता में राधाकांत देव ने की थी।
- द्वारकानाथ टैगोर द्वारा वर्ष 1838 में स्थापित भारत की प्रथम राजनैतिक संस्था लैंडहोल्डर्स सोसायटी थी।
- वन्देमातरम समाचार पत्र 1909 ई. में प्रकाशित किया गया इसके संस्थापक लाला हरदयाल, श्यामजी कृष्ण वर्मा थे।
- महात्मा गाँधी केवल एक बार भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष चुने गए थे।
- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रथम अधिवेशन 27 दिसम्बर 1885 को मुम्बई में हुआ था।
- वहाबी आंदोलन को भारत में सबसे ज्यादा प्रचारित करने का श्रेय सैयद अहमद बरेलवी एवं इस्लाम हाजी मौलवी मोहम्मद को दिया जाता है।

<u>उदारवादी आंदोलन</u>

- भारतीय राष्ट्रीयता का जनक उदारवादियों को कहा जाता है।
- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का जनक ए.ओ.ह्युम को कहा जाता है।
- इंडियन नेशनल यूनियन ने दिसम्बर 1885 में एक कॉन्फ्रेंस को बुलाने का निर्णय लिया था, जिसमें इंडियन नेशनल कांग्रेस की स्थापना की गयी।
- एनी बेसेंट ने कॉमनवील साप्ताहिक पत्रिका के माध्यम से स्वशासन की माँग की।
- मोहम्मद अली जिन्ना को हिन्दू-मुस्लिम एकता का दूत सरोजनी नायडू ने कहा था।
- कांग्रेस की स्थापना के संदर्भ में सेफ्टी वॉल्व का सिद्धांत लाला लाजपत राय के द्वारा दिया गया था।
- अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना 28 दिसम्बर 1885 को हुई थी इसके प्रथम अध्यक्ष व्योमेशचन्द्र बनर्जी थे।
- भारत के तेजस्वी पितामह के नाम से दादाभाई नौरोजी जाने जाते हैं।
- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के दूसरे अधिवेशन की अध्यक्षता दादाभाई नौरोजी ने की थी।

अध्याय – 3

भारत की नदियाँ एवं झीलें

- **नदियाँ**

भारतीय अपवाह तंत्र

अरब सागरीय अपवाह तंत्र

बंगाल की खाड़ी का अपवाह तंत्र

अपवाह तंत्र किसी नदी एवं उसकी सहायक नदियों द्वारा अपवाहित क्षेत्र को कहते हैं।

- कुल अपवाह क्षेत्र का लगभग 77 प्रतिशत भाग, जिसमें गंगा, ब्रह्मपुत्र, कृष्णा आदि नदियाँ शामिल हैं। बंगाल की खाड़ी में जल विसर्जित करती हैं,
- जबकि 23% भाग जिसमें सिन्धु, नर्मदा, तापी, माही व पेरियार नदियाँ शामिल हैं। अपना जल अरब सागर में गिराती हैं।

हिमालयी अपवाह तंत्र

- उत्तरी भारत की नदियाँ अपरदन से प्राप्त मिट्टी को बहाकर ले जाती हैं तथा मैदानी भागों में जल प्रवाह की गति मंद पड़ने पर मैदानों और समुद्रों में जमा कर देती हैं।
- इन्ही नदियों द्वारा लायी गई मिट्टी से उत्तर भारत के विशाल मैदान का निर्माण हुआ है।
- इंड़ो ब्रह्म नदी:- भू-वैज्ञानिक मानते है, कि मायोसीन कल्प में लगभग 2.4 करोड़ से 50 लाखों वर्ष पहले एक विशाल नदी थी। जिसे शिवालिक या इंड़ो - ब्रह्म नदी कहा गया हैं।
- इंडो ब्रह्म नदी के तीन मुख्य अपवाह तंत्र -
- 1.पश्चिम में सिन्धु और इसकी पाँच सहायक नदियाँ
- 2.मध्य में गंगा और हिमालय से निकलने वाली इसकी सहायक नदियाँ
- 3.पूर्व में ब्रह्मपुत्र का भाग व हिमालय से निकलने वाली इसकी सहायक नदियाँ

भारतीय नदी प्रणाली

1. सिन्धु नदी तंत्र

- सिन्धु जल संधि 1960 में हुई थी।
- तीन पूर्वी नदियों - व्यास, रावी, सतलज का नियंत्रण भारत के पास है। तथा 3 पश्चिमी नदियों सिन्धु, झेलम, चेनाब का नियंत्रण पाकिस्तान को दिया गया है।

1. व्यास, रावी, सतलुज → 80% पानी भारत, 20% पानी पाकिस्तान
2. सिन्धु, झेलम, चिनाब → 80% पानी पाकिस्तान, 20% पानी भारत

सिन्धु नदी तंत्र

- सिन्धु नदी का क्षेत्रफल 11 लाख, 65 हजार वर्ग km हैं।
- भारत में सिन्धु नदी का क्षेत्रफल 3,21,289 वर्ग किमी हैं।
- सिन्धु नदी की कुल लम्बाई 2,880 किमी. है।
- भारत में सिन्धु नदी की लम्बाई केवल 1,114 km हैं।
- भारत में यह हिमालय की नदियों में सबसे पश्चिमी नदी है।
- सिन्धु नदी का उद्गम तिब्बती क्षेत्र में स्थित कैलाश पर्वत श्रेणी (मानसरोवर झील) में बोखर-चू के निकट एक चेमयांगडुंग ग्लेशियर (हिमनद) से होता है, जो 4,164 मीटर उँचाई पर स्थित हैं। तिब्बत में इसे शेर मुख कहते हैं।

- **सतलुज, व्यास, रावी, चिनाब और झेलम सिन्धु नदी की प्रमुख सहायक नदियाँ हैं।**
- अन्य सहायक नदियाँ – जास्कर, ग्यांग, शिगार, गिलगिट, श्योक, हुंजा, कुर्रम, नुबरा, गास्टिंग व द्रास, गोमल।
- सिन्धु नदी, कराची (पाकिस्तान) के निकट अरब सागर में जाकर गिरती है।
- यह नदी अटक (पंजाब प्रांत, पाकिस्तान) के निकट पहाड़ियों से बाहर निकलती हैं। जहाँ दाहिने तट पर काबुल नदी इसमें मिलती है।
- यह नदी दक्षिण की ओर बहती हुई मिठनकोट के निकट पंचनद का जल प्राप्त करती हैं।
- पंचनद नाम पंजाब की पाँच मुख्य नदियों सतलज, व्यास, रावी, चिनाब, झेलम को संयुक्त रूप से दिया गया है।
- सिन्धु और ब्रह्मपुत्र नदियों का उद्गम स्थल तिब्बत का पठार हैं।
- तिब्बत के पठार से निकलने वाली अन्य नदियाँ - यांग्त्सी - क्यांग, जियांग, ह्वांगहो (पीली नदी, पीत), इरावदी, मेकांग एवं सतलज।
- जास्कर नदी का उद्गम हिमाचल प्रदेश और जम्मू कश्मीर की सीमा पर सरचू के उच्च अक्षांशीय पठारी भाग से होता है।
